भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †1912
सोमवार, 19 दिसम्बर, 2022/28 अग्रहायण, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए परियोजनाएं**

**†1912. श्री राजेन्द्र अग्रवालः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चल रही परियोजनाओं के कारण राज्य में घरेलू पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है;

(ख) पर्यटन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है और ऐसी परियोजनाओं से राज्य में किस सीमा तक आर्थिक विकास और रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है;

(ग) उत्तर प्रदेश में किन-किन परियोजनाओं का क्रियान्वयन लंबित है और जिसके परिणामस्वरूप लागत में वृद्धि हो सकती है; और

(घ) तत्संबंधी वास्तविक स्थिति क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) : जी, हां महोदय ।

(ख) से (घ) : पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार पर्यटकों को बेहतर पर्यटन अनुभव प्रदान करने के लिए एक सुनियोजित एवं चरणबद्ध तरीके से पर्यटन संबंधी अवसंरचना एवं सुविधाओं के विकास के लिए स्वदेश दर्शन, प्रशाद और केंद्रीय एजेंसियों को सहायता नामक अपनी योजनाओं के अंतर्गत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों/केंद्रीय एजेंसियों को केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है । यह एक सतत प्रक्रिया है । इन योजनाओं के तहत विकास हेतु परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र (यूटी) प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन और पहले जारी की गई निधियों के उपयोग की शर्त पर उन्हें स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

पर्यटन अवसंरचना और उनकी मौजूदा स्थिति के लिए स्वदेश दर्शन योजना, प्रशाद योजना और केंद्रीय एजेंसियों को सहायता संबंधी योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण अनुबंध में दिया गया है । उत्तर प्रदेश में स्वीकृत परियोजनाएं कार्यान्वयन/समापन के अलग-अलग चरणों में हैं । अभी तक किसी परियोजना के कारण लागत में वृद्धि नहीं हुई है ।

पर्यटन मंत्रालय अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू बाजारों में अतुल्य भारत ब्रांडिंग के तहत विरासत स्थलों सहित विभिन्न पर्यटक गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन भी कर रहा है ताकि अधिकाधिक पर्यटकों को देश में इन पर्यटक स्थलों की यात्रा करने के लिए आकर्षित किया जा सके और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसरों के सृजन और अर्थव्यवस्था के विकास के लिए आवश्यक बल प्रदान किया जा सके ।

*****

**अनुबंध**

उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 19.12.2022 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1912 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**उत्तर प्रदेश में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

**(करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | वर्ष | परिपथ का नाम | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | निर्मुक्त राशि | भौतिक स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **2016-17** | बौद्ध परिपथ | श्रावस्ती, कुशीनगर, कपिलवस्तु का विकास | 87.89 | 72.56 | पूर्ण |
| 2. | **2016-17** | रामायण परिपथ | चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 | 64.09 | पूर्ण |
| 3. | **2016-17** | आध्यात्मिक परिपथ | अहर-अलीगढ़-कासगंज-सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर-गोरखपुर-डुमरियागंज-बस्ती-बाराबंकी-आजमगढ़-कैराना-बागपत-शाहजहांपुर का विकास। | 71.91 | 68.32 | पूर्ण |
| 4. | **2016-17** | आध्यात्मिक - II परिपथ | बिजनौर-मेरठ-कानपुर-कानपुर देहात-बांदा-गाजीपुर-सालेमपुर-घोसी-बलिया-अंबेडकरनगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा-सोनभद्र-चंदौली-मिश्रिख-भदोही का विकास | 67.51 | 64.14 | पूर्ण |
| 5. | **2016-17** | विरासत परिपथ | कालिंजर किले (बांदा)-मगहरधाम (संतकबीर नगर)-चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर)-महुआर शहीद स्थल (घोसी)-शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | 33.97 | 32.27 | पूर्ण |
| 6. | **2017-18** | रामायण परिपथ | आयोध्या का विकास | 127.21 | 115.46 | पूर्ण |
| 7. | **2018-19** | आध्यात्मिक परिपथ | जेवर -दादरी - सिकन्दराबाद - नोएडा - खुरजा - बांदा का विकास | 12.03 | 9.63 | 89.70% |
| 8. | **2018-19** | आध्यात्मिक परिपथ | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाष्णी मंदिर (डोमरियागंज) का विकास | 18.30 | 12.61 | 92.97% |

**उत्तर प्रदेश में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | अनुमोदित लागत | निर्मुक्त राशि | भौतिक स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2014-15 | मेगा पर्यटक परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास | 10.98 | 10.98 | 100% |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2. | 2014-15 | वृंदावन, जिला मथुरा में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण | 9.36 | 9.36 | 100% |
| 3. | 2015-16 | वाराणसी फेज-I का विकास | 20.40 | 16.32 | 100% |
| 4. | 2017-18 | गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन | 9.02 | 9.02 | ~100% |
| 5. | 2017-18 | प्रशाद योजना चरण-II के अन्तर्गत वाराणसी का विकास | 44.60 | 31.77 | ~98% |
| 6. | 2018-19 | गोवर्धन, मथुरा, उत्तर प्रदेश में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 39.74 | 30.97 | ~85% |

**उत्तर प्रदेश राज्य में पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(लाख रु. में)**

| **क्र. सं.** | **वर्ष** | **राज्य का नाम** | **परियोजना का नाम** | **एजेंसी** | **स्वीकृत राशि** | **निर्मुक्त राशि** | **भौतिक स्थिति** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2014-15 | उत्तर प्रदेश | वाराणसी/सारनाथ में स्मारकों में प्रकाश व्यवस्था (सारनाथ में धमेख स्तूप सारनाथ में चौखंडी स्तूप, सारनाथ में लालकान का मकबरा और बनारस में मन महल) | आईटीडीसी | 512.43 | 381.47 | पूर्ण |
| 2 | 2017-18 | उत्तर प्रदेश | वाराणसी, उत्तर प्रदेश में तीन स्मारकों पर प्रकाश व्यवस्था<br>1. दशाश्वमेध घाट से दरबंगा घाट (300 मीटर का विस्तार)<br>2. तुलसी मानस मंदिर<br>3. सारनाथ संग्रहालय | केंद्रीय लोक निर्माण विभाग | 293.55 | 293.54 | पूर्ण |
| 3 | 2019-20 | उत्तर प्रदेश (वाराणसी तथा इलाहाबाद-I, इलाहाबाद-II) | राष्ट्रीय जल मार्ग संख्या 1 और 2 पर रिवर क्रूज के आरोहण/अवरोहण के नौ (09) मुख्य बिंदुओं पर घाटों के विकास के लिए सीएफए | आईडब्ल्यूएआई | 311.45 | 77.86 | कार्यान्वयन चल रहा है |

*****